# भास्कर गाइड - 757

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

Education News Group

1.'कवितावली' का रचियता कौन है?
(क) सूरदास
(ख) जगन्नाथ पंडित
(ग) तुलसीदास
(घ) जयदेव

2.शरीर के किसी हिस्से में कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि को क्या कहते हैं?
(क) अस्थमा
(ख) हैजा
(ग) छोटी माता
(घ) कैंसर

3.दुनिया में किस सागर का पानी सबसे अधिक खारा (लवणीय) है?
(क) लाल सागर
(ख) मृत सागर
(ग) भूमध्य सागर
(घ) कैस्पियन सागर

4.सऊदी अरब, ईरान और इराक में फैले मरुस्थल का नाम क्या है?
(क) गोबी मरुस्थल
(ख) अरब मरुस्थल
(ग) कालाहारी मरुस्थल
(घ) सोनोरन मरुस्थल

5.महाराष्ट्र में शिरडी साई बाबा मंदिर कहां है?
(क) पुणे
(ख) त्रिम्बक
(ग) एलोरा
(घ) शिरडी

6.डीडी वर्ल्ड चैनल का नाम डीडी इंडिया कब पड़ा?
(क) 2000
(ख) 2001
(ग) 2002
(घ) 2003

7.संयुक्त राष्ट्र ने इजिप्ट (मिस्त्र) को पहचान के लिए तीन अक्षरों का कौनसा कोड दिया है?
(क) EGY
(ख) ECU
(ग) MIS
(घ) MAL

8.पृथ्वी सूर्य से अधिकतम दूरी पर किस दिन होती है?
(क) 4 जनवरी
(ख) 4 मार्च
(ग) 4 मई
(घ) 4 जुलाई

9.हिंदू (राष्ट्रीय) पंचांग में कार्तिक के बाद कौनसा महीना आता है?
(क) पौष
(ख) मार्गशीर्ष
(ग) माघ
(घ) फाल्गुन

10.रैदास (रविदास) के धर्मगुरु कौन थे?
(क) नामदेव
(ख) चैतन्य महाप्रभु
(ग) रामानंद
(घ) वल्लभाचार्य

## उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 (ग) | 2 (घ) | 3 (ख) | 4 (ख) | 5 (घ) |
| 6 (ग) | 7 (क) | 8 (घ) | 9 (ख) | 10 (ग) |

# रेल कर्मचारियों के लिए 8-8 घंटे का रोस्टर लागू, 4 घंटे ओवर टाइम के हिसाब से 15 जून से एरियर भी मिलेगा

कार्यालय संवाददाता | दौसा

Education News Group

हक की लड़ाई के लिए 6 माह से संघर्षरत रेल कर्मचारियों की बड़ी जीत हुई है। कर्मचारी (कांटेवाले) 12-12 घंटे के रोस्टर की जगह 8-8 घंटे के रोस्टर के अनुसार काम की मांग कर रहे थे। हैड क्वार्टर से 19 नवंबर को 8-8 घंटे के रोस्टर बनाने के आदेश के बाद डीआरएम के स्तर पर आदेश जारी करने पर शुक्रवार को दौसा में कांटेवाले कर्मचारियों के लिए 8-8 घंटे का रोस्टर लागू कर दिया गया। नया रोस्टर लागू होने के बाद अब कांटेवाले कर्मचारियों को 12-12 घंटे की जगह 8-8 घंटे के रोस्टर में काम करेंगे। यानी हर शिफ्ट में कांटेवाले 4 घंटे कम काम करेंगे। नया रोस्टर लागू होने से गांधी नगर से अरनियां स्टेशन तक कार्यरत 60-65 कांटेवाले कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। दौसा में कांटेवाले 5 कर्मचारी हैं।

कांटेवाले कर्मचारियों के लिए 8-8 घंटे का ही रोस्टर था, लेकिन करीब 2 साल पहले कराए गए सर्वे के बाद नया रोस्टर तैयार किया गया। सर्वे के मद्देनजर करीब छह माह पूर्व लागू नया रोस्टर 12-12 घंटे का था। पहले 24 घंटे में 8-8 घंटे के हिसाब से तीन कर्मचारी काम करते थे, लेकिन नया रोस्टर बनने पर 12-12 घंटे की शिफ्ट में दो कर्मचारी ड्यूटी करते थे। हर शिफ्ट में काम के 4-4 घंटे बढ़ाने के विरोध में कर्मचारियों ने आवाज उठाई और 8-8 घंटे के पुराने रोस्टर को लागू करने की मांग की। कर्मचारियों की मांग को जायज ठहराते हुए कई यूनियनों ने कंधे से कंधा मिलाकर कर्मचारियों को साथ दिया। आखिरकार अधिकारियों को झुकना पड़ा और नए सिरे से कांटेवालों के काम का मई/जून माह में सर्वे कराया गया। कांटेवाले कर्मचारियों के काम का आंकलन करने के लिए अलग-अलग स्टेशनों पर 72 घंटे सर्वे किया गया। सर्वे रिपोर्ट के मद्देनजर कांटेवालों के लिए पुराना रोस्टर यानी 8-8 घंटे को ही लागू करने के सिलसिले में 19 नवंबर को हैड क्वार्टर (जीएम ऑफिस) से डीआरएम को आदेश जारी किए गए। हैड क्वार्टर के आदेशों के मद्देनजर डीआरएम के स्तर पर 8-8 घंटे का रोस्टर बनाया गया, उसके अनुसार दौसा में शुक्रवार से कांटेवाले कर्मचारियों ने लिए 8-8 घंटे का रोस्टर लागू कर दिया गया।

## कर्मचारियों की एकजुटता की जीत, सभी को शुभकामना

*वर्षों से कांटेवाले 8-8 घंटे के रोस्टर में काम कर रहे थे, लेकिन नए सिरे से काम के घंटों का सर्वे कराकर तानाशाही पूर्वक 12-12 घंटे का रोस्टर लागू कर दिया। सर्वे में कांटेवाले कर्मचारियों का सिर्फ सक्रिय समय यानी पिछले स्टेशन के ट्रेन के आने के संकेत होने और झंडी दिखाने के समय को देखा गया। कांटेवाले कर्मचारी ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर का बायां हाथ होते हैं, जिन्हें ट्रेनों को झंडी दिखाने के साथ-साथ इंजन/डिब्बों की शंटिंग, स्टेशन पर खड़ी होनी वाली मालगाड़ी की देखभाल, मालगाड़ी के गार्ड का बॉक्स दूसरी गाड़ी में चढ़ाना, यात्रियों के लिए वेटिंग रूम खोलना/बंद करना, प्लेटफार्म की लाइटें ऑन/ऑफ करना, पानी की सप्लाई खोलना, अधिकारी आने पर चाय-पानी की व्यवस्था करना तथा गार्ड/ड्राइवर को ऑशन ऑर्डर देना जैसे प्रमुख काम होते हैं। इसके बावजूद सिर्फ झंडी दिखाने के आधार पर काम का आंकलन किया गया, जिसके विरोध में कर्मचारी/यूनियनों ने आवाज उठाई। अधिकारियों को झुकना पड़ा। नए सिरे से सर्वे कराया गया और उसके आधार पर अब फिर से 8-8 घंटे का रोस्टर लागू किया है। यह कर्मचारियों की एकजुटता की जीत है, जिसके लिए सभी कर्मचारियों को शुभकामना।*

**प्रहलाद सैनी,** शाखा अध्यक्ष,
नार्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन

# बोर्ड परीक्षा आवेदन की गलतियां 30 नवंबर तक सुधारने का मौका

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़

Education News Group

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने ऑनलाइन भरे गए परीक्षा आवेदनों में गलतियां सुधारने संबंधी गाइडलाइन जारी की। संस्था प्रधानों से कहा गया कि वर्ष 2019 के परीक्षा आवेदन में गलतियों को 19 से 30 नवंबर तक सुधारा जा सकता है। यह प्रक्रिया निशुल्क होगी। बोर्ड ने स्कूल प्रधानों को निर्देशित किया है कि छात्रहित में गलतियों में सुधार करने के लिए निशुल्क मौका दिया जा रहा है।

**यह संशोधन हो सकेंगे ऑनलाइन** ... पिता व माता के नाम (केवल स्पेलिंग), 2. लिंग (जेंडर) 3. माध्यम, 4. बीपीएल, 5. जाति श्रेणी, 6. पता और फोन नंबर, 7. अन्य (टोकन शुल्क वाले अभ्यर्थी को छोड़कर), 8. श्रेणी, 9. पूर्व शैक्षणिक योग्यता, 10. फोटो और हस्ताक्षर स्केनिंग, 11. पात्रता प्रमाण पत्र क्रमांक, दिनांक आदि।

**यह संशोधन नहीं होंगे** ...परीक्षार्थी के नाम एवं जन्मतिथि में संशोधन, 2. प्रायोगिक विषय जिनमें प्रायोगिक शुल्क अपेक्षित है। 3. अतिरिक्त विषय नहीं जोड़ा जा सकेगा। 4. शुल्क अलग से जमा कराने की स्थिति बनती है तो संशोधन नहीं किया जा सकेगा। 5. ऐसे सभी संशोधन जिनमें अतिरिक्त शुल्क अपेक्षित हो, ऑनलाइन संशोधन नहीं होगा।



# यूपीएससी का लोगो डिजाइन कर जीत सकते हैं 75 हजार रुपए

## 11 दिसंबर तक वेबसाइट पर मांगी जेपीजी फाइल

Education News Group

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़

यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) ने अपने लोगो डिजाइन करने के लिए खुला आमंत्रण दिया है। प्रतिभागी यूपीएससी के लिए लोगो डिजाइन कर 75 हजार रुपए जीत सकेगा। इस संबंध में यूपीएससी ने www.mygov.in वेबसाइट के क्रिएटिव कॉर्नर में जानकारी दी है। लोगो 11 दिसंबर तक जेपीईजी, पीडीएफ और पीएनजी फार्मेट में भेजना होगा। विजेता के नाम की घोषणा माय गवर्नमेंट ब्लॉग पेज और यूपीएससी की वेबसाइट पर किया जाएगा।

यूपीएससी की ओर से लोगो डिजाइन कांटेस्ट में शामिल होने वाले प्रतिभागी के लिए शर्त भी निर्धारित की हैं। इसमें जानकारी दी गई है कि लोगो डिजिटल प्लेटफार्म पर डिजाइन किया गया हो, साथ ही उसकी बनावट पूरी तरह साफ-सुथरी होनी चाहिए।

सरकारी स्कूल के शिक्षकों की पहल • बोर्ड परीक्षाओं में रिजल्ट सुधारने के लिए रात को भी पढ़ाएंगे शिक्षक

# ओड़ में बोर्ड कक्षा के बच्चों के लिए लगेंगी एक्स्ट्रा क्लास

**पाड़वा |** एक तरफ जहां बच्चों के ट्यूशन के नाम पर अभिभावक हर साल हजारों रुपए खर्च कर देते हैं। दूसरी तरफ ओड़ के ग्रामीणों और गांव की सरकारी स्कूल के शिक्षकों की सामूहिक पहल से रात्रिकालिन निशुल्क क्लास की शुरुआत की गई है। राउमावि के संस्थाप्रधान जगदीशचंद्र पंड्या, शिक्षक सुभाषचंद्र भट्ट, जिग्नेश मेहता, ग्रामीण वासुदेव त्रिवेदी, केशवलाल जोशी, गणेश त्रिवेदी, छोटेलाल जोशी, बलीराम पाटीदार, गोकुलराम, लालशंकर, गोतमलाल, दिनेश, कमलेश, भरत, गणेश, रमेश, सोहनलाल, देवीलाल, जीवणलाल पाटीदार की मौजूदगी में शुभारंभ हुआ। बोर्ड कक्षाओं के बच्चों से शपथ पत्र भी भरवाए।



**पाड़वा.** ओड़ में एक्स्ट्रा क्लास के शुभारंभ पर मौजूद बच्चे और अभिभावक।

## 12वीं के 25 और 10वीं के 44 बच्चों को मिलेगा लाभ

राउमावि ओड़ के बोर्ड कक्षा के बच्चों को स्कूल के अलावा गांव के युवा शिक्षक भी पढ़ाएंगे। सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक स्कूल के शिक्षक ही एक्स्ट्रा क्लास लेंगे, तो वहीं शाम 6 से रात 8 बजे तक गांव के अन्य शिक्षकों द्वारा आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में पढ़ाया जाएगा। सरदार पटेल ग्राम विकास शिक्षण संस्थान की प्रेरणा से 12वीं के 25 और 10वीं के 44 बच्चों को लाभ मिलेगा। ग्रामीणों द्वारा रात्रि में बच्चों के घर जाकर भी संपर्क किया जाएगा। युवा शिक्षकों ने बताया कि आसपास के गांवों से इच्छुक विद्यार्थी पंजीयन कराकर निशुल्क क्लास में पढ़ने के लिए आ सकते हैं।

## चुनाव कार्य में लापरवाही पर घाटोल बीईईओ को नोटिस

**कुशलगढ़** | रिटनिंग अधिकारी सुमन मीणा ने विधानसभा चुनाव-2018 के चुनाव कार्य निष्पादन में लापरवाही बरतने पर घाटोल बीईईओ वीडियो दल अवलोकन प्रभारी पारसमल जैन को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। वीडियो अवलोकन दल प्रभारी पारसमल जैन को सूचना के बावजूद चुनाव संबंधी बैठक में अनुपस्थित रहने, कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही, समय पर वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं भेजने, दल प्रभारी होने के बावजूद रिपोर्ट पेश नहीं करने व टीम को दिशा-निर्देश नहीं देने को लेकर नोटिस देकर तीन दिन में जवाब पेश करने के निर्देश दिए गए है।

# नवोदय स्कूल में 75% ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा

Education News Group

**बांसवाड़ा** | शिक्षण संस्था नवोदय विद्यालय समिति ने कक्षा 6 व 9 में छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिलाने को लेकर जिला कलेक्टर भगवतीप्रसाद के निर्देशन में जिलास्तरीय बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें सीडीईओ मणिलाल छगन, डीईओ माध्यमिक एंजिलिका, सीबीईओ और पीईओ मौजूद रहे।

नवोदय स्कूल के प्राचार्य महेंद्र बड़सीवाल ने बताया कि 1 मई 2006 से 30 अप्रैल 2010 के बीच जन्मे कक्षा 5 में पढ़ने वाले विद्यार्थी कक्षा 6 के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसमें 75 प्रतिशत आरक्षण ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए रहेगा। वहीं अजा, अजजा व सभी वर्ग के लिए नियमानुसार आरक्षण की सुविधा है। ऑनलाइन आवेदन 30 नवंबर तक कर सकेंगे। परीक्षा 6 अप्रैल का ब्लॉक स्तर पर बांसवाड़ा, तलवाड़ा, घाटोल, गढ़ी, अरथूना, छोटी सरवन के सरकारी स्कूलों में होगी। इसके अलावा कक्षा 9 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन भी 30 नवंबर तक भरे जाएंगे। इसकी परीक्षा 2 फरवरी को जवाहर नवोदय स्कूल बांसवाड़ा द्वितीय, राउमावि कूपड़ा में होगी।

**परेशानी** • परीक्षा फार्म भरने की निकल चुकी है तारीख, अब लेट फीस देय, विद्यार्थी यूनिवर्सिटी के चक्कर निकाल रहे

# एमजीएसयू ने गत सत्र की परीक्षा में 30 विद्यार्थियों का अब तक घोषित नहीं किया परिणाम

Education News Group

भास्कर संवाददाता |

महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी के परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तारीख निकलने के बाद भी गत वर्ष हुई परीक्षा में कई 30 से अधिक विद्यार्थियों के कई पेपरों का अब तक परिणाम घोषित नहीं हो पाया है। इसके चलते विद्यार्थी असमंजस की स्थिति में यूनिवर्सिटी से सवाल-जवाब कर रहे हैं। हालांकि यूनिवर्सिटी ने विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने का विकल्प रखा है, लेकिन इसके बाद भी स्टूडेंट्स का कहना है कि यदि शीघ्र ही परिणाम घोषित नहीं हुआ तो उनकी एक साल की मेहनत किसी काम नहीं आएगी।

विश्वविद्यालय सूत्रों की मानें तो करीब 35 विद्यार्थियों का परिणाम अभी वेटिंग में बताया जा रहा है। इसके चलते मजबूरन छात्र बीकानेर जाकर विश्वविद्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई पुष्ट जानकारी उन्हें नहीं दी जा रही है। शहर निवासी आंचल बताती है कि उसने गत 2017-18 सत्र के दौरान श्री गुरुनानक गर्ल्स पीजी कॉलेज से नियमित विद्यार्थी के रूप में बीएससी द्वितीय वर्ष की परीक्षा दी थी। इसके बाद यूनिवर्सिटी ने 21 जून 2018 को परीक्षा परिणाम जारी किया तो उसमें बॉटनी विषय के द्वितीय पेपर में 'आरएल' दर्शाते हुए अंक ही नहीं दिए गए। इसके बाद कॉलेज में संपर्क कर जानकारी जुटाई तो उन्होंने बताया कि किसी कारणवश यूनिवर्सिटी ने संबंधित विषय का परिणाम रोका है, जिसे शीघ्र ही घोषित कर दिया जाएगा। अब जब यूनिवर्सिटी के परीक्षा फार्म विलंब शुल्क के साथ भरे जा रहे हैं तो विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं।

## कॉलेज ने भी यूनिवर्सिटी को प्रकरण से अवगत कराया

विद्यार्थियों ने बताया कि उसके परिजनों ने इस मामले में कई बार कॉलेज प्रशासन से बात की। इसके बाद प्रिंसीपल ने 17 जुलाई 2018 को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को पत्र लिखा। इसमें कॉलेज प्रिंसीपल ने 28 मार्च 2018 को हुए बॉटनी द्वितीय पेपर की उपस्थिति सूची भेजकर संतुष्ट कराया कि संबंधित विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुई थी। इसके बाद कॉलेज ने विद्यार्थी की किसी प्रकार की सहायता नहीं की और वह स्वयं ही अपने परिजनों सहित विश्वविद्यालय के चक्कर लगाती रही।



परीक्षा परिणाम घोषित नहीं होनेपर परेशान हो रही छात्रा।

### कई कारणों से रुक सकता है परिणाम, शीघ्र घोषित करने के प्रयास करेंगे

यूनिवर्सिटी में सेक्शन ऑफिसर के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद अनुबंध के आधार पर सेवाएं दे रहे सुदेश शर्मा ने बताया कि कई बार विद्यार्थी परीक्षा कॉपी पर रोल नंबर लिखने में गलती कर देते हैं या स्पष्ट शब्दों व अंकों में रोल नंबर नहीं लिखते, जिसकी वजह से परिणाम रोक लिया जाता है। इसके अलावा कई बार कॉपी जांचने या स्कैन नहीं होने जैसे कारण हो सकते हैं। इस तरह के 30 से ज्यादा प्रकरण विश्वविद्यालय में आए हैं, जो अलग-अलग जिलों से हैं। करीब दस दिन में संबंधित विद्यार्थी का परिणाम घोषित करने का प्रयास किया जाएगा।

**अच्छी शुरुआत** • सीबीएसई ने विद्यार्थियों में बोर्ड का डर खत्म करने के लिए पहली बार उठाया कदम

# सीबीएसई दसवीं व बारहवीं कक्षा की परीक्षा में बढ़ाएगा 11 विकल्प प्रश्न

Education News Group

भास्कर संवाददाता | पाली

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन ने परीक्षार्थियों के मन से बोर्ड परीक्षा का डर दूर करने के लिए अहम कदम उठाया है। बोर्ड ने छात्र-छात्राओं की परेशानी को देखते हुए जहां मॉडल प्रश्न-पत्र को अपलोड किया है। वहीं, 2019 के कक्षा 10वीं व 12वीं के बोर्ड परीक्षा के प्रश्न-पत्र में बदलाव किया है। इस बार बोर्ड परीक्षाओं में विकल्प वाले प्रश्नों की संख्या अधिक होगी।

फिलहाल विकल्प का यह अवसर 10वीं और 12वीं में कुल 55 विषयों में दिया जा रहा है। इसमें 12वीं क्लास में 40 विषयों और 10वीं में 15 विषयों के प्रश्न-पत्र शामिल हैं। इन विषयों की परीक्षा में अब एक नहीं बल्कि 10 से 11 पेपर के फॉर्मेट में संक्षिप्त प्रश्नों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षाओं में इस साल प्राइवेट शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को राहत दी है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर मॉडल प्रश्न-पत्र अपलोड कर दिए गए हैं। जहां से छात्र अपने पसंद के विषय का पेपर देख सकते हैं। इसके माध्यम से छात्र प्रश्न-पत्र के फॉर्मेट के बारे में पता चलेगा। साथ ही विद्यार्थी प्रत्येक प्रश्न से जुड़ी मार्किंग स्कीम के बारे में भी जान पाएंगे। खासतौर से वे संक्षिप्त प्रश्न के पैटर्न को समझ पाएंगे। बोर्ड ने कक्षा 12वीं के कंपार्टमेंट एग्जाम में फेल विद्यार्थी भी एग्जाम दे पाएंगे। इससे उन्हें अपनी परफार्मेंस सुधारने का अवसर मिलेगा। ऐसे विद्यार्थियों को अपना ऑनलाइन फॉर्म जमा करना होगा। सीबीएसई ने एकेडमिक सत्र 2019-20 की परीक्षा के लिए पंजीयन शुरू हो गए हैं। इसमें प्राइवेट विद्यार्थियों और कंपार्टमेंट एग्जाम में फेल विद्यार्थी अपना पंजीयन करा सकते हैं। ये पंजीयन कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के लिए होंगे। यह ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया अधिकारिक वेबसाइट cbse.inc.in पर होगी। जानकारी के अनुसार फेल और कंपार्टमेंट श्रेणी में शामिल विद्यार्थी अपने प्रदर्शन में सुधार के लिए मार्च में होने वाली परीक्षा के लिए प्राइवेट विद्यार्थी के रूप में एक अतिरिक्त विषय में शामिल हो सकते हैं।

## विद्यार्थियों को इंप्रूवमेंट एग्जाम देने का मिलेगा मौका

सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों में छात्रों को इंप्रूवमेंट एग्जाम देने का मौका मिलेगा। इसका फायदा यह होगा कि छात्र एग्जाम में अपनी परफॉर्मेंस को इंप्रूव कर पाएंगे। जेईई मेन एवं एडवांस्ड की तारीख घोषित होने के बाद सीबीएसई ने कक्षा 12वीं के इंप्रूवमेंट एग्जाम के ऑनलाइन आवेदन का नोटिस जारी किया है। इस परीक्षा में छात्रों को रीजन बदलने का अवसर मिलेगा। इसके लिए विद्यार्थियों को सीबीएसई की वेबसाइट पर विजिट करना होगा। जहां उन्हें 12वीं बोर्ड का रोल नंबर, सेंटर नंबर, स्कूल नंबर आदि जानकारी भरकर लॉगिन करना होगा।

# राजस्थान के 866 छात्रों को इंस्पायर अवार्ड के लिए चुना

Education News Group

**उदयपुर।** केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्रालय की इंस्पायर अवार्ड योजना 2018-19 के तहत इस सत्र के लिए राज्य के सरकारी स्कूलों के 866 विद्यार्थियों का चयन हुआ। चयनित छात्रों के बनाए हुए मॉडल की प्रदर्शनी हर जगह लगाई जाएगी। इंस्पायर अवार्ड योजना कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए है। इसके लिए दो माह पहले स्कूलों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। प्रत्येक छात्र को इनोवेटिव आइडिया के बारे में जानकारी अपलोड करनी थी। आइडिया के आधार पर ही छात्र का चयन हुआ।

## रिसर्च फेलोशिप ऑन पब्लिक हेल्थ एंड अडोलसेंस 2018

**किसके लिए :** सोशल साइंस, पब्लिक हेल्थ, मेडिकल साइंस व सम्बंधित क्षेत्रों में एमडी, एमएस, पीएचडी की शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थी, जो किशोर स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में अधिकतम एक वर्ष के लिए रिसर्च कार्य करने के इच्छुक हों, वे इस फेलोशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**योग्यता :** आवेदक किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी या संस्थान से फुल टाइम यह डिग्री प्रोग्राम कर रहा हो व आयु 40 वर्ष से अधिक न हो।

**क्या मिलेगा :** 1.5 लाख रुपए तक की राशि व अन्य लाभ प्राप्त होंगे।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 30 नवंबर http://mamta-himc.org

## गवर्नमेंट ऑफ आयरलैंड पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप प्रोग्राम 2019

**किसके लिए :** किसी भी विषय से पीएचडी डिग्रीधारक मेधावी विद्यार्थी जो आयरलैंड के किसी भी हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट से पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप करने के इच्छुक हों, वे इस प्रोग्राम के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**योग्यता :** पीएचडी की डिग्री 31 मई 2019 को पूरी हो चुकी हो व आवेदक के द्वारा न्यूनतम एक शोध पत्र लिखा गया हो जिसकी समीक्षा की गई हो।

**क्या मिलेगा :** 45,925 युरो तक की राशि प्राप्त होगी।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 29 नवंबर http://research.ie

Education News Group

# स्कॉलरशिप

## वहनी स्कॉलरशिप 2018-19

**किसके लिए :** 12वीं की शिक्षा प्राप्त कर रहे सभी भारतीय मेधावी विद्यार्थी जो ग्रेजुएशन की पढ़ाई करने के लिए आर्थिक सहायता प्राप्त करना चाहते हों, वे इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर लाभ ले सकते हैं।

**योग्यता :** कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर रहा 12वीं कक्षा का कोई भी विद्यार्थी आवेदन कर सकता है।

**क्या मिलेगा :** ग्रेजुएशन के लिए पूरी ट्यूशन फीस, आवासीय सुविधा सहित अन्य लाभ प्राप्त होंगे।

**अंतिम तिथि :** 01 दिसंबर www.vahanischolarship.com

## एनबीएचएम पीएचडी स्कॉलरशिप 2018-19

**किसके लिए :** मास्टर्स या चार वर्षीय बैचलर डिग्रीधारी विद्यार्थी, जो मैथमेटिक्स से पीएचडी या इंटिग्रेटेड पीएचडी कर रिसर्च करने के इच्छुक हों वे नेशनल बोर्ड ऑफ हायर मैथमेटिक्स द्वारा प्रदान की जा रही इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**योग्यता :** 12वीं कक्षा के समय से ही अच्छे शैक्षिक रिकॉर्ड वाले विद्यार्थी जो या तो चार वर्षीय बैचलर डिग्रीधारी (बीएस) हों या मैथमेटिक्स में मास्टर्स अथवा स्टेटिक्स में एमए/एमएस या समकक्ष डिग्रीधारी या अंतिम वर्ष में पढ़ रहे हों। विद्यार्थियों को 1 अगस्त 2019 से पहले मान्यता प्राप्त पीएचडी प्रोग्राम में दाखिला लेना होगा।

**क्या मिलेगा :** 28,000 रुपए तक का मासिक भत्ता व 32,000 रुपए प्रतिवर्ष आकस्मिक भत्ता सहित अन्य लाभ प्राप्त होंगे।

**अंतिम तिथि :** 7 दिसंबर http://www.nbhm.dae.gov.in/

किया है
का उप
का उप

Admis
SP
IN
On
On 25
Nurs
P.B.
Physi
RJ - 9
BLR -



# एजुकेशन भास्कर

Education News Group

## अपॉर्च्युनिटी अपडेट

### डाक टिकट डिज़ाइन प्रतियोगिता



**किसके लिए :** ड्राइंग, पेंटिंग, डिज़ाइन आदि बनाने में रुचि रखने वालों के लिए भारतीय डाक विभाग ने गणतंत्र दिवस 2019 डाक टिकट डिज़ाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इस बार प्रतियोगिता का टॉपिक अहिंसा परमो धर्मः रखा गया है। चयनित कृति का प्रयोग संबंधित फिलैटली सामग्री तैयार करने के लिए किया जाएगा। इसमें दो कैटेगरी हैं – 1. 18 साल से कम आयुवर्ग, 2. 18 साल से अधिक आयुवर्ग।

**एलिजिबिलिटी :** किसी भी आयुवर्ग का कोई भी व्यक्ति इसमें शामिल हो सकता है।

**क्या मिलेगा :** प्रत्येक कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार 25,000 रुपए, दूसरा पुरस्कार 15,000 रुपए तथा तीसरा पुरस्कार 10,000 रुपए। पांच सांत्वना पुरस्कार हैं जिनमें प्रत्येक को 2000 रुपए मिलेंगे। चयनित कृति का उपयोग डाक टिकट तथा संबंधित फिलैटली सामग्री का डिज़ाइन तैयार करने में किया जाएगा।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 15 दिसंबर www.indiapost.gov.in

### शॉर्ट फिल्म कॉम्पिटीशन

**किसके लिए :** स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स तथा युवा अमेच्योर फिल्म मेकर्स सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। इसमें अधिकतम तीन मिनट की फिल्म बनानी होगी। जिसकी थीम है, 'Be the change which you want to see in the world'. इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में महात्मा गांधी की सादगी और उच्च विचारों के प्रति युवाओं में जागरूकता फैलाना है।

**एलिजिबिलिटी :** शॉर्ट फिल्म बनाने में रुचि रखने वाला कोई भी व्यक्ति इसमें शामिल हो सकता है।

**क्या मिलेगा :** शीर्ष 10 सफल प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा। सर्टिफिकेट व इंटर्नशिप दी जाएगी। प्रथम पुरस्कार 50,000 रुपए, दूसरा पुरस्कार 35,000 रुपए तथा तीसरा पुरस्कार 25,000 रुपए हैं। 10 –10 हजार रुपए के 7 सांत्वना पुरस्कार हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 31 दिसंबर www.MyGov.in.

## फेलोशिप

### पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप फॉर ट्रेनिंग इन कैंसर रिसर्च 2019-20



**किसके लिए :** कॅरियर की शुरुआत कर रहे वैज्ञानिक जो फ्रांस स्थित इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर के मकसद से जुड़े कैंसर अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं में अपना प्रशिक्षण पूरा करना चाहते हैं। इस फेलोशिप में महामारी विज्ञान (सभी विषयों सहित), जैव सूचना विज्ञान, बायोस्टेटिक्स और कार्सिनोजेनेसिस के क्षेत्र से संबंधित क्षेत्रों- आणविक आनुवंशिकी, कोशिका जीवविज्ञान, आणविक रोगविज्ञान जैसे सभी विषय शामिल रहेंगे।

**योग्यता :** पीएचडी डिग्री धारक या अंतिम वर्ष के विद्यार्थी जो साइंटिफिक कम्युनिकेशन स्तर की बातचीत की अंग्रेजी में दक्ष हों।

**क्या मिलेगा :** वार्षिक अनुदान के साथ यात्रा भत्ता व हेल्थ इंश्योरेंस।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 30 नवंबर https://training.iarc.fr

### रिसर्च फेलोशिप ऑन पब्लिक हेल्थ एंड अडोलसेंस 2018

**किसके लिए :** सोशल साइंस, पब्लिक हेल्थ, मेडिकल साइंस व सम्बंधित क्षेत्रों में एमडी, एमएस, पीएचडी की शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थी, जो किशोर स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में अधिकतम एक वर्ष के लिए रिसर्च कार्य करने के इच्छुक हों, वे इस फेलोशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**योग्यता :** आवेदक किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी या संस्थान से फुल टाइम यह डिग्री प्रोग्राम कर रहा हो व आयु 40 वर्ष से अधिक न हो।

**क्या मिलेगा :** 1.5 लाख रुपए तक की राशि व अन्य लाभ प्राप्त होंगे।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 30 नवंबर http://mamta-himc.org

ने किया। देकर अभिनंदन किया। इस मौके सहारण, होशियारसिंह मौजूद थे। की ओर से प्रस्तुतियां दी जाएगी। मिल जाएगी। एईएन की बात पर

**विधानसभा चुनाव** • क्षेत्रवार सामग्री वितरण और सामग्री संग्रहण केंद्र फाइनल किए, मतदान दलों को दिया प्रशिक्षण

# सादुलपुर व तारानगर के लिए राजगढ़ के स्कूल में मिलेगी चुनाव सामग्री

Education News Group

भास्कर न्यूज | चूरू

मतदान दलों को ईवीएम/वीवीपेट व चुनाव संबंधी अन्य सामग्री वितरण के लिए सेंटर तय कर दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मुक्तानंद अग्रवाल की ओर से जारी आदेशानुसार सादुलपुर व तारानगर विधानसभा क्षेत्र का सामग्री वितरण केंद्र आशा देवी इंटरनेशनल स्कूल, सादुलपुर व सरदारशहर व चूरू विधानसभा क्षेत्र का सामग्री वितरण केन्द्र केन्द्रीय स्कूल चूरू निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार रतनगढ़ व सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र का सामग्री वितरण केंद्र रघुनाथ उमावि रतनगढ़ निर्धारित किया गया है। 7 दिसंबर को मतदान समाप्ति के बाद विधानसभा क्षेत्रवार मतदान दलों से ईवीएम/ वीवीपेट व चुनाव संबंधी अन्य सामग्री का संग्रहण निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा। सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय व चूरू में केंद्रीय विद्यालय को संग्रहण केंद्र बनाया है। रतनगढ़ में रघुनाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं सुजानगढ़ कालो बाल मंदिर को सामग्री संग्रहण केंद्र निर्धारित किया गया है। मतदान समाप्ति के बाद मतदान दलों से संग्रहित ईवीएम/वीवीपेट व अन्य सामग्री को मतगणना स्थल के स्ट्रांग रूम (लोहिया महाविद्यालय चूरू) रखवाया जाएगा।

## महिला अधिकारियों को दिया चुनाव प्रशिक्षण

**सरदारशहर.** राजकीय टांटिया बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल में विधानसभा चुनाव में नियुक्त पिंक बूथ के मतदान अधिकारियों को गुरुवार को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में एसडीएम मूलचंद लूणिया व बीडीओ डॉ संतकुमार मीणा ने सभी कर्मचारियों को निष्पक्ष व नियमानुसार मतदान करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एएलएमटी अभयशील सोनी, प्रधानाचार्य इंद्राराम राव, कैलाशचंद गंडास ने चुनाव प्रक्रिया, वीवीपेट ईवीएम मशीन के बारे में जानकारी दी।

## चुनाव पर्यवेक्षक मिस सेल्वी ने किया बूथों का निरीक्षण

**तारानगर.** विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग के चुनाव पर्यवेक्षक केंद्र कैडर आईएएस मिस सेल्वी कविथा रामू ने गुरुवार को ग्रामीण बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने गाजुवास, पुनरासर, कोहिणा, भालेरी, जिगसाना ताल, तारानगर सहित अन्य गांवों में जाकर बूथों पर मतदाताओं के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं व सुविधाओं की जानकारी ली व मतदान केंद्र पर बनाई गई रैंप का निरीक्षण करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करवाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मिस सेल्वी ने कहा कि लोगों को लोभ, लालच से दूर रहते हुए भयमुक्त होकर निष्पक्ष मतदान करना चाहिए। इसके बाद एसडीएम कोर्ट में उन्होंने चुनाव प्रत्याशियों व राजनैतिक दलों के निर्वाचन खर्चों के लेखों का रख-रखाव व आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर समीक्षात्मक बैठक ली। सहायक व्यय पर्यवेक्षक जेपी कटारिया ने चुनाव में होने वाले खर्चों के उचित रख-रखाव को लेकर निर्देश दिए। शाम को जिला निर्वाचन अधिकारी मुक्तानंद अग्रवाल, एसपी राममूर्ति जोशी ने तारानगर में समीक्षा की।

# लॉ कॉलेज ने जारी की कटऑफ

Education News Group

**अजमेर** | राजकीय विधि कॉलेज ने पहली कटऑफ लिस्ट जारी कर दी है। सेशन लेट शुरू होने के बाद हुए प्रवेश के बाद शुक्रवार को यह लिस्ट जारी की गई। जिसमें यूजी की कटऑफ सामान्य श्रेणी के लिए 61.21 तक पहुंची है। जबकि पीजी में 65.58 प्रतिशत सामान्य का कटऑफ रहा है। खास बात यह है कि कटऑफ जारी रहने के बाद दो गुना आवेदन के बावजूद यूजी में 15 और पीजी में 5 सीटें खाली रह गई। लॉ कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य हर्ष कुमार ने बताया कि प्रथम वर्ष 2018-19 में प्रवेश के लिए आए आवेदनों की जांच के बाद जारी की गई कटऑफ नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। जिसमें यूजी बेस में जनरल केटेगरी का कटऑफ 61.21 प्रतिशत, ओबीसी का 53.72 प्रतिशत, एसबीसी का 45.50 प्रतिशत, एससी का 51.16 प्रतिशत और एसटी का 41.05 प्रतिशत रहा है। जबकि पीजी बेस में 65.58 प्रतिशत, ओबीसी में 54.33 प्रतिशत, एससी में 56.64 प्रतिशत और एसटी में 44.33 प्रतिशत कटऑफ रहा है।

कार्यवाहक प्राचार्य हर्ष कुमार ने बताया कि आवेदनों की जांच के बाद एसटी वर्ग की यूजी बेस पर 15 सीट और पीजी बेस पर 5 सीटें खाली रह गई है। ऐसे में इन सीटों पर प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी पूर्व में जारी प्रवेश सूचना के आधार पर सभी दस्तावेजों के साथ 26 नवंबर को दोपहर 12 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

स्कूल व्याख्याता भर्ती

# 2015 के खाली पदों को नहीं भरने पर मांगा जवाब

Education News Group

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने स्कूल व्याख्याता भर्ती-2015 के सभी खाली पद नहीं भरने और भर्ती की प्रतीक्षा सूची जारी नहीं करने पर आरपीएससी सचिव, शिक्षा सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक से जवाब मांगा है। अदालत ने यह अंतरिम आदेश भवानी व अन्य की याचिका पर दिया। याचिका में कहा कि 16 अक्टूबर 2015 को स्कूल व्याख्याता के 27 विषयों का भर्ती विज्ञापन जारी किया। जिसमें प्रार्थियों ने राजनीतिक विज्ञान में आवेदन किया। कई सफल अभ्यर्थियों ने चयन के बाद विस्तृत आवेदन प़त्र नहीं भरा और कई अभ्यर्थियों ने नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद कार्यभार ग्रहण नहीं किया। इस कारण भर्ती के कई पद अभी भी रिक्त चल रहे हैं। ऐसे में रिक्त पदों पर प्रार्थियों को नियुक्ति दी जाए। अदालत ने याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार व आरपीएससी सहित अन्य से जवाब मांगा।

# मतदान दलों को दूसरा प्रशिक्षण 26 से

Education News Group

श्रीगंगानगर।

विधानसभा आम चुनाव 2018 के दौरान गंगानगर जिले की 6 विधानसभाओं में 1508 मतदान केन्द्रों पर होने वाले मतदान के लिये गठित मतदान दलों को द्वितीय प्रशिक्षण 26 नवम्बर से 30 नवम्बर तक दिया जायेगा। तृतीय प्रशिक्षण मतदान दल रवानगी के समय दिया जायेगा।

जिला कलक्टर व निर्वाचन अधिकारी ज्ञानाराम ने बताया कि विधानसभा सादूलशहर के राउमावि में 26 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 2 से 41 तक, 1 बजे से सायं 6 बजे तक पार्टी नम्बर 42 से 81 तक को प्रशिक्षण दिया जायेगा। 27 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 82 से 121, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 122 से 161 तक, 28 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे पार्टी नम्बर 162 से 201, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 202 से 241 तथा 29 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे पार्टी नम्बर 242, 1510 से 1548, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 1549 से 1557 को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

इसी प्रकार विधानसभा गंगानगर में चौधरी बल्लूराम गोदारा कन्या महाविद्यालय में 26 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 244 से 283, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 284 से 323 तक, 27 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 324 से 363, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 364 से 403 तक, 28 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 404 से 443, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 444 से 460 तथा 1559 से 1581 तथा 29 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 1582 से 1602, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 1, 243, 461, 716, 977, 1255, 1509, 1558, 1603, 1655, 1708 तथा 1765 को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

विधानसभा करणपुर में ज्ञान ज्योति महाविद्यालय करणपुर में 26 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 462 से 501, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 502 से 541 तक, 27 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 542 से 581 तक, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 582 से 621 तक, 28 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 622 से 661, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 662 से 701 तक, 29 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 702 से 715 व 1604 से 1629 तक, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 1630 से 1654 तक प्रशिक्षण दिया जायेगा।

विधानसभा सूरतगढ में राजकीय महाविधालय सूरतगढ़ में 26 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 717 से 756, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 757 से 796 तक, 27 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 797 से 836, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 837 से 876 तक, 28 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 877 से 916, दोपहर 1 बजे से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 917 से 956 तक, 29 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 957 से 976 व 1656 से 1675 तक, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 1676 से 1707 तक प्रशिक्षण दियाजायेगा।

विधानसभा रायसिंहनगर में डीएवी शिक्षक प्रशिक्षण महाविधालय में 26 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 978 से 1017, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 1018 से 1057 तक, 27 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 1058 से 1097, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 1098 से 1137 तक, 28 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 1138 से 1177, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 1178 से 1217 तक, 29 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 1218 से 1254 व 1709 से 1711 तक, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 1712 से 1751 तथा 30 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 1752 से 1764 को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि विधानसभा अनूपगढ में सेठ बिहारीलाल छाबड़ा राजकीय महाविधालय अनूपगढ़ में 26 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 1256 से 1295, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 1296 से 1335 तक, 27 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 1336 से 1375, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 1376 से 1415 तक, 28 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 1416 से 1455, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 1456 से 1495 तथा 29 नवम्बर को प्रातः 8.15 बजे से 1.15 बजे तक पार्टी नम्बर 1496 से 1508 व 1766 से 1792, दोपहर 1 से 6 बजे तक पार्टी नम्बर 1793 से 1816 को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# आज का इतिहास

**नयी दिल्ली।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 24 नवंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं- Education News Group

1859 : चार्ल्स डार्विन की 'आन द ओरिजिन आफ स्पिसीज' का प्रकाशन।

1871 : नेशनल राइफल एसोसिएशन (एनवाईसी) का गठन हुआ।

1926 : प्रख्यात दार्शनिक श्री अरविंदो को पूर्ण सिद्धि की प्राप्ति हुई।

1944 : अभिनेता और फिल्म निर्देशक अमोल पालेकर का जन्म हुआ।

1955 : इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान और अब कमेंटेटर इयान बॉथम का जन्म हुआ।

1966 : स्लोवाकिया के ब्रातिस्लवा के निकट बुल्गारिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से 82 यात्रियों की मौत हुई।

1986 : तमिलनाडु विधानसभा में पहली बार एक साथ विधायकों को सदन से निष्कासित किया गया।

1988 : दल बदल कानून के तहत पहली बार लोकसभा सांसद लालदूहोमा को अयोग्य करार दिया गया।

1989 : चेकेस्लोवाकिया में तत्कालीन कम्युनिस्ट पार्टी के पूरे नेतृत्व ने सामूहिक रूप से इस्तीफ़ा दे कर एक नए युग की शुरूआत की।

1992 : चीन का घरेलू विमान दुर्घटनाग्रस्त, 141 लोगों की मौत हुई।

1999 : एथेंस में सम्पन्न विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत की कुंजुरानी देवी ने रजत पदक जीता।

2001 : नेपाल में माओवादियों के साथ संघर्ष में सेना एवं पुलिस के 38 जवानों की मौत हुई।

2006 : पाकिस्तान और चीन ने एक मुक्त व्यापार क्षेत्र संधि पर हस्ताक्षर किये तथा अवाक्स बनाने पर भी सहमति हुई।

2007 : पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ आठ वर्षों के निर्वासन के बाद स्वदेश पहुंचे।

## प्रदेश

- ट्रेन से कटे चौथे बेरोजगार की भी मृत्यु
- चित्तौड़गढ़ : करंट से किसान की मौत
- हार्दिक पटेल करेंगे उदयपुर में किसान महापंचायत को सम्बोधित

Education News Group

## विदेश

- फ्रांस ने 18 सऊदी नागरिकों पर लगाई पाबंदी
- संरा प्रतिनिधि ने शांति वार्ता को लेकर की हौती नेता से मुलाकात
- ट्रम्प ने दी अमेरिकी-मेक्सिको सीमा को बंद करने की धमकी

## खेल

- बारिश में धुला एमसीजी टी-20, अब सिडनी निर्णायक
- वर्ल्ड टी-20 का बदला नाम
- महिला क्रिकेट : 23 रन पर 8 विकेट गंवाकर हारी भारतीय महिलाएं
- ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को 71 रन से पीटा
- टेनिस में फिक्सिंग के लिये ब्रासियाली पर आजीवन बैन
- टेनिस : शीर्ष 10 रैंक में से सात खिलाड़ी ब्रिसबेन में खेलेंगी
- गुरबानी-सिराज ने रोकी न्यूजीलैंड- ए की रन गति
- फुटबॉल आईएसएल-5: छेत्री के गोल से बेंगलुरू की मिली पांचवीं जीत
- रणजी क्रिकेट: राजस्थान ने झारखंड को 92 रन से हराया
- गैबरिएल मीरपुर टेस्ट से निलंबित

## व्यापार

- गुरुनानक जयंती के अवसर पर बंद रहे शेयर बाजार
- दिल्ली : जिंसों में टिकाव
- दिल्ली : फीकी पड़ी सोने-चांदी की चमक
- त्योहारी सीजन में वाहन पंजीकरण 11 फीसदी घटा
- विदेशी मुद्रा भंडार 57 करोड़ डॉलर बढ़ा

# खबरें फटाफट

## Education News Group

### देश

- करतारपुर कॉरिडोर के लिए पाकिस्तान की आना-कानी
- सोशल मीडिआ के जरिए मिलेंगे बिजली कनैक्शन
- दिल्ली : सिग्नेचर ब्रिज से गिरकर 2 युवकों की मौत
- मिजोरम में पी.एम. मोदी का रोड शो
- ब्रॉडबैंक इस्तेमाल करने वाले पहुंचे 46 करोड़ के पार
- आंध्र विधानसभा बनेगी पटेल की मूर्ति से भी ऊंची
- मुस्लिम कब्रगाहों हेतु जगह पड़ रही है कम
- मुफ्त की चीजों ने लोगों को आलसी बनाया : हाईकोर्ट
- कश्मीर : अगले सप्ताह तक चुनाव का ऐलान
- कर्नाटक सी.एम. कुमार स्वामी नहीं करेंगे मीडिआ से बात

**पिंटू पटाखा**



**किसी विषय में अधूरे ज्ञान से अच्छा है उस विषय में अज्ञान होना**

### प्रदेश

## राज्य स्तरीय परीक्षामाला आलेखन कार्यगोष्ठी संपन्न

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी करवाई

Education News Group

नवज्योति/जोधपुर।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट जोधपुर में राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग के तहत कक्षा 12, 10, 8 एवं 5 की बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए परीक्षामाला कार्यक्रम का समापन डाईट प्राचार्य श्रीमती रमा आसनानी की अध्यक्षता तथा भल्लूराम खीचड सीबीईओ मंडोर एवं श्रीमती गायत्री भारद्वाज सीबीईओ ओसिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के बारे में व्यापक जानकारी देते हुए डाइट उपाचार्य शकुन्तका श्रीमाली ने परीक्षामाला की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभागाधिकारी डा. श्याम सुन्दर सोलंकी ने परीक्षा को भय मुक्त करने एवं परीक्षा के लिए तैयारी की [illegible] में परीक्षामाला के प्रसारण पर वार्ता देते हुए बताया कि यह राज्य सरकार एवं आकाशवाणी की एक महती संयुक्त योजना है। उन्होंने यह भी बताया कि यह परीक्षामाला का प्रसारण आकाशवाणी द्वारा जनवरी 2019 से फरवरी 2019 में दोपहर 12.40 से 1 बजे तक प्रसारित की जाएगी।

डाइट में आयोजित क्रियात्मक अनुसंधान का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण डाईट प्राचार्य श्रीमती रमा असनानी की अध्यक्षता में समापन हुआ इस अवसर पर बोलते हुए श्रीमती असनानी ने बताया कि आज को समय में शिक्षक के लिए क्रियात्मक अनुसंधान की आवश्यक जानकारी होना आवश्यक है। इस प्रभाग के प्रभागाधिकारी प्रदीप मोहन उदावत ने कार्यशाला की आवश्यकता एवं महत्व पर व्यापक प्रकाश डाला। इसमें 46 संभागियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में डॉ. ओपीआर व्यास, डॉ. नलिनी राजोत्या, ओमप्रकाश पुरोहित एवं इन्दराज शर्मा ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

डाइट हास्टल में नवनीत कुमार प्रभागाध्यक्ष एवं एसआईक्यूई प्रभारी के निर्देशन में छह दिवसीय अंग्रेजी विषय कक्षा 6 से 8 का के आर पी प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए डाइट प्राचार्य रमा आसनानी ने केआरपी के उत्तरदायित्वों पर व्यापक प्रकाश डालते हुए इस प्रशिक्षण की उपादेयता को स्थापित किया। श्रीमती रितु सिंदल द्वारा अपनी वार्ता में यह स्पष्ट किया गया कि एक केआरपी को भविष्य में किन प्रकार के उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना है।

# चुनाव प्रशिक्षण में कर्मियों को बैंक डिटेल्स साथ लाने के निर्देश

Education News Group

## कार्मिक को स्वयं करना होगा खाता संख्या का सत्यापन

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बांसवाड़ा

विधानसभा आम चुनाव के तहत मतदान दलों के कर्मियों एवं अन्य को यात्रा भत्ता आदि का भुगतान सम्बन्धित के बैंक खाते में जमा किए जाने के लिए 25 नवम्बर से शुरू हो रहे चुनावी प्रशिक्षण में उपस्थित होने वाले मतदानकर्मियों को अपने बैंक खाते की डिटेल्स साथ लाने के निर्देश दिए गए है। भुगतान दल प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी सुधारक पावेल पटेल ने बताया कि आगामी 25 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक मतदानकर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा तथा यात्रा भत्ता बैंक खाते में जमा किए जाने की प्रक्रिया के कारण सभी मतदानकर्मियों से अपने बैंक खाते की डिटेल्स प्रशिक्षण स्थल पर आवश्यक रूप से साथ लाने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मतदानकर्मियों से यात्रा भत्ता बिल भरवाया जाएगा, जिसके साथ संलग्न घोषणा पत्र में अंकित बैंक डिटेल्स को उनके स्वयं के द्वारा सत्यापित भी कराया जाएगा।

इन परिस्थितियों में खाता संख्या गलत हो जाने पर जिम्मेदारी संबंधित मतदानकर्मी की रहेगी।

**सीबीएसई की 10वीं व 12वीं परीक्षा 2019**

# विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन शुरू

Education News Group

अजमेर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की साल 2019 में होने वाली 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए शुक्रवार से विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। इसके तीन मौके मिलेंगे। जिसकी अंतिम तिथि 14 दिसम्बर होगी। विद्यार्थी बोर्ड की वेबसाइट www.cbse.nic.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।



अधिकारियों के अनुसार विलम्ब शुल्क के साथ पहला मौका 23 से 30 नवम्बर तक मिलेगा। प्रति विद्यार्थी एक हजार रुपए विलम्ब शुल्क देय होगा। इसी तरह दूसरा अवसर एक से 7 दिसम्बर तक होगा और विलम्ब शुल्क दो हजार रुपए प्रति विद्यार्थी होगा। जबकि अंतिम मौका 8 से 14 दिसम्बर तक मिलेगा। इसके लिए प्रति विद्यार्थी पांच हजार रुपए शुल्क देय होगा।

# पोर्टल से उपलब्ध सूचनाओं का उपयोग नहीं करने पर अधिकारी नाराज

Education News Group

अजमेर। शिक्षा विभाग ने समय-समय पर कार्यालयों द्वारा संस्था प्रधानों से सूचनाएं मांगे जाने को गंभीरता से लिया है। विभाग ने कार्यालयों को निर्देशित किया है कि विभाग के शाला दर्शन व शाला दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध जानकारियों का अधिक से अधिक से उपयोग करें। आवश्यक होने पर बीकानेर व जयपुर स्थित शाला दर्शन व शाला दर्पण प्रकोष्ठ से जानकारियां प्राप्त की जा सकती हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक नथमल डिडेल द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट किया है कि समस्त राजकीय विद्यालयों, कार्मिकों तथा विद्यार्थियों की समस्त सूचनाएं राज्य, संभाग, जिला व ब्लॉक स्तर पर पोर्टल पर उपलब्ध हैं। इस संबंध में पूर्व में भी कार्यालयों को स्कूल से जानकारी ना मांगकर पोर्टल पर उपलब्ध सूचनाओं के उपयोग करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद कार्यालयों द्वारा सीधे ही संस्था प्रधानों से सूचनाएं मांगी जा रही हैं। विभाग ने कार्यालयों को निर्देश दिए हैं कि कार्यालयों द्वारा संस्था प्रधानों व पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी (पीईईओ) से जानकारी नहीं मांगी जाएगी। इसके बाद भी जानकारी मांगने वाले कार्यालय के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाही की जाएगी।

पहल : बीएलओ घर-घर जा कर करेंगे वितरण

# दृष्टिबाधित मतदाताओं को दी जाएगी ब्रेल लिपि में मतदाता पर्ची

## ब्रेल लिपि के साथ ही सामान्य मतदाता पर्ची भी होगी नत्थी

भूपेन्द्र सिंह
rajasthanpatrika.com




**अजमेर**. विधानसभा आम चुनाव में पहली बार दृष्टिबाधित मतदाताओं को मतदान के लिए ब्रेल लिपि में मुद्रित मतदाता पर्ची उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य के 72 हजार दृष्टि बाधित मतदाताओं को घर-घर जाकर बीएलओ के माध्यम से ब्रेल लिपि में मुद्रित मतदाता पर्ची का वितरण करेंगे। मतदान बढ़ाने के लिए राज्य निवार्चन आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर्स) को इसके लिए पत्र जारी किया है। ब्रेल लिपि के साथ ही सामान्य मतदाता पर्ची भी नत्थी की जाएगी। पहले दृष्टिबाधित मतदाताओं को सामान्य पर्ची ही उपलब्ध कराई जाती थी। निवार्चन विभाग ने दृष्टिबाधित मतदाताओं का जिलेवार एवं विधानसभा क्षेत्रवार डाटा विभाग की स्टेट लेवल एजेंसी एमएस/रील द्वारा जयपुर स्थित अतिकृत ब्रेल मुद्रणालय मैसर्स राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संघ को उपलब्ध कराया जाएगा। ब्रेल मुद्रणालय द्वारा विधानसभावार हिन्दी ब्रेल लिपि में मतदाता पर्चियों का मुद्रण 26 से 29 नवम्बर के बीच होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के दृष्टिबाधित मतदाताओं की इंक मतदान पर्चियों (हिन्दी देवनागरिक लिपि में मुद्रित सामान्य मतदाता पर्ची) की प्रति सहित अधिकृत प्रतिनिधि के साथ राजस्थान, नेत्रहीन कल्याण संघ को भेजी जाएगी। इनके अनुरूप ब्रेल लिपि में मुद्रित की गई मतदाता पर्चियों का मिलान करते हुए दोनों को एक साथ नत्थी किया जाएगा।

### जिले में 2337 दृष्टि बाधित मतदाता

अजमेर जिले में 2337 दृष्टिबाधित मतदाता हैं। इनमें नसीराबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 506 दृष्टि बाधित मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ में 469, केकड़ी में 432, मसूदा में 364, पुष्कर में 267, ब्यावर में 189, अजमेर उत्तर में 47, अजमेर दक्षिण में 63 दृष्टि बाधित मतदाता हैं।

### 21 हजार 912 दिव्यांग मतदाता

जिले में 21 हजार 912 दिव्यांग मतदाता हैं। इनमें 10 हजार 887 लोकोमोटिव डिसेबल (चलने फिरने में असक्षम) हैं। इन्हें मतदान के लिए बूथ तक लाने के लिए वाहन, व्हील चेयर, स्काउट तथा एनसीसी कैडेट तथा राज्यकर्मियों की मदद दी जाएगी। अजमेर जिला मुख्यालय पर हेल्पलाइन नम्बर 0145-2622222 जारी की गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक जय प्रकाश को नोडल अधिकारी को दिव्यांगजन से संबंधित समस्त व्यवस्थाएं एवं सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

विधि महाविद्यालय

# वरीयता सूची जारी, आज से जमा होगी फीस

Education News Group



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**अजमेर.** लॉ कॉलेज में प्रथम वर्ष में प्रवेश के तहत शुक्रवार को वरीयता सूची लगाई गई। शनिवार से दस्तावेजों की जांच फीस जमा होने की प्रक्रिया शुरू होगी। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. हर्ष इनाणिया ने बताया कि प्रवेश कार्यक्रम के तहत वरीयता सूची लगाई गई है। सूची में शामिल विद्यार्थी शनिवार सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक दस्तावेजों की जांच और डिमांड ड्राफ्ट से फीस जमा करा सकेंगे। यह प्रक्रिया 27 नवम्बर (रविवार को छोड़कर) तक चलेगी। वरीयता सूची से प्रवेश नहीं लेने वाले विद्यार्थियों के रिक्त स्थानों पर प्रतीक्षा सूची से प्रवेश दिए जाएंगे। इसमें उन्हीं विद्यार्थियों के नाम पर विचार होगा जिनका डिमांड ड्राफ्ट प्रवेश समिति के समक्ष निर्धारित अवधि में प्रस्तुत होगा। रिक्त स्थानों पर प्रतीक्षा सूची से दिए गए विद्यार्थियों की सूची 28 नवम्बर को जारी होगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की रिक्त सीट पर 29 नवम्बर को प्रवेश दिए जाएंगे।

## यह लाने होंगे दस्तावेज

- दसवीं/बारहवीं की अंकतालिका-प्रमाण पत्र
- स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की अंकतालिका-प्रमाण पत्र
- स्थानांतरण प्रमाण पत्र और चरित्र प्रमाण पत्र
- जाति प्रमाण पत्र
- नियोक्ता द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र (सेवारत होने की स्थिति में)
- एससी-एसटी की स्थिति में उपखंड अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र

## यह रही कट ऑफ (कॉलेज के अनुसार)

सामान्य-61.21 (स्नातक आधार), 65.58 (स्नातकोत्तर आधार), ओबीसी-53.72 (स्नातक आधार), 54.33 (स्नातकोत्तर आधार), एसबीसी-45.50 (स्नातक आधार), एससी-51.16 (स्नातक आधार), 56.64 (स्नातकोत्तर आधार), एसटी-41.05 (स्नातक आधार), 44.33 (स्नातकोत्तर आधार)

# संस्था प्रधान ने निकाला कार्यालय जाने का आदेश, पहुंचे अपने गांव

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

**बसेड़ी.** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह परमार ने क्षेत्र के कई विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान एकटा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के संस्था प्रधान द्वारा विद्यालय के कार्यालय आदेश रजिस्टर में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय जाना बताया गया।

जबकि वह कार्यालय पहुंचे ही नहीं और अपने गांव चले गए। मामले में कड़ी नाराजगी करते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी ने संस्था प्रधान को नोटिस जारी किया है।

ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह परमार ने क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मूडिक, भारली, बागथर, एकटा, भारली और तिल ऊआ के विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में संस्था प्रधान के अनुपस्थित होने के अलावा शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। खास बात तो यह है कि एकटा गांव में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के संस्था प्रधान छुट्टन जिन्होंने कार्यालय आदेश में अपने


Education News Group



**बसेड़ी.** स्कूल परिसर में पड़ा निर्माण कार्य का मालवा व हस्ताक्षर पंजिका।

को मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय जाना बताया गया। लेकिन वहां न पहुंचकर वह अपने गांव को चले गए। निरीक्षण के दौरान इसकी पोल खुली।

उक्त संस्था प्रधान को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इसके अलावा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागथर का निरीक्षण के दौरान कक्षा आठवीं पूरी तरह खाली मिली। जब कि बारहवीं के छात्र छात्राओं को हिंदी के छंद एवं अलंकार की परिभाषा नहीं बता सके। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए हिंदी पढ़ाने वाले शिक्षक को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधारे जाने के निर्देश दिए। भारली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निर्माण कार्य को लेकर परिसर में अव्यवस्थाओं का आलम था।

राजस्थान का सबसे ऊंचा मतदान केन्द्र...

# माउंट आबू का उतरज केन्द्र : जहां वोट देने में लगते हैं दो दिन

Education News Group

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

माउंट आबू @ पत्रिका. राजस्थान ही नहीं, पश्चिमी भारत के सर्वाधिक ऊंचाई पर है माउंट आबू का उतरज मतदान केन्द्र। यह जमीनी तल से करीब 5000 फीट ऊंचाई पर स्थित है। जहां उतरज के अलावा पन्द्रह किलोमीटर दूर घने और बीहड़ जंगलों के बीच बसे शेरगांव के मतदाता भी वोट डालने आते हैं। यह दूरी तय करने और वोट देकर घर आने में दो दिन का समय लग जाता है। इतना ही नहीं पहाड़ी रास्ता होने और जंगली जानवरों के डर से रात के समय यहां पैदल आवाजाही न के बराबर होती है। पोलिंग पार्टियां भी एक दिन पहले सुरक्षा बंदोबस्त के साथ पहुंचती हैं।

## उतरज में 344 मतदाता

माउंट आबू के उतरज केन्द्र से 344 मतदाता जुड़े हुए हैं। इस केन्द्र पर उतरज और शेरगांव के लोग वोट देने आते हैं। जिनमें 193 पुरुष और 151 महिला मतदाता हैं।

## केन्द्रों का निरीक्षण

राजस्थान के सर्वाधिक ऊंचाई पर स्थित उत्तरज मतदान केंद्र समेत पर्यटन स्थल माउंट आबू के विभिन्न मतदान बूथों का शुक्रवार को रिटर्निंग अधिकारी डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने निरीक्षण किया। गोस्वामी के अनुसार माउंट आबू शहरी बूथ व ओरिया ग्राम पंचायत क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिसके तहत मतदान केंद्रों पर मतदाता सूचियों के साथ बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस मौके भू-अभिलेख निरीक्षक कुंज बिहारी झा, पटवारी रामाराम, प्रभुराम आदि उपस्थित थे।



माउंट आबू के शेरगांव स्थित मतदान केन्द्र का निरीक्षण करते अधिकारी।



इस मार्ग से वोट देने पहुंचेंगे शेरगांव के बाशिंदे।

कई लोग वोट देने के लिए निर्धारित तिथि से एक दिन पहले ही घर से चल देते हैं। जो रात को उतरज गांव में पड़ाव डालकर दूसरे दिन वोट देकर वापस आकर उनके परिजनों को वोट देने के लिए छुट्टी देंगे जो मवेशियों व बच्चों की देखरेख के लिए गांव में छोड़ दिए थे। जो सांय तक मतदान केंद्र पहुंचकर वोट देंगे। रात को वहीं रुककर दूसरे दिन वापसी का रुख करेंगे।

**रामाराम, हल्का पटवारी**

वोट देने के लिए हमको हर बार की तरह अलसुबह रात होने से पहले ही घर से पोटलियों में रोटी बांधकर चलना पड़ता है। पहाड़ी ढलान, अत्यंत उबड़ खाबड़, कंटीली पत्थरीली झाड़ियों के बीच से गुजरते हुए पैदल करीब पंद्रह किलोमीटर की लंबी दूरी तय कर मतदान केंद्र उतरज पहुंचते हैं। मतदान करने के बाद वापस जाने में देर होने की स्थिति में रात को वहीं डेरा डालना पड़ता है।

**उम्मेद सिंह,** मतदाता, शेरगांव

गुरुशिखर से घने जंगलों, पहाड़ों के बीच से गुजरने वाले दुर्गम मार्ग पर पोलिंग पार्टी को पैदल ही ईवीएम मशीनें, मतदान सामग्री, बिस्तर निजी समान के साथ पैदल मार्ग तय करना पड़ेगा जो अपने आपमें अत्याधिक कष्ट साध्य कार्य है।

**कुंज बिहारी झा, भू-अभिलेख निरीक्षक**

सम्मान मिल चुके हैं।        इंद्रा सांढाणी आदि मौजूद थे।        शामिल होगा। विज्ञान मेले का        मिला है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय का मामला

# संबद्धता के फेर में उलझा भविष्य

Education News Group

### कॉलेजों के निरीक्षण एवं संबद्धता फीस के बिना कैसे शुरू होंगे परीक्षा आवेदन फॉर्म

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

**सीकर.** यह अंचल के छात्र-छात्राओं के लिए बुरी खबर है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की परीक्षाओं के आवेदन फॉर्म देरी से शुरू होंगे। क्योंकि कि न तो कॉलेजों का अभी तक निरीक्षण हुआ है, और ना ही संबद्धता फीस जमा हुई है। इधर विवि प्रशासन का कहना है कि बिना निरीक्षण एवं संबद्धता फीस के किसी भी कॉलेज को संबद्धता जारी नहीं की जाएगी। इससे कॉलेज संचालक असमंजस में हैं। ऐसे में 14 फरवरी से शुरू होने वाली स्नातक परीक्षाओं के आवेदन फॉर्म को लेकर इन कॉलेजों के लाखों विद्यार्थी बैचेन हैं।




### विवि का दावा कैसे होगा पूरा

विवि ने इस बार यह दावा किया है कि लोकसभा चुनाव के चलते परीक्षाएं 12 अप्रैल तक संपन्न हो जाएगी। हालांकि एफीलेशन फीस पर लगा कोर्ट स्टे तो सात आठ दिन पहले हट गया। अब सवाल यह है कि विवि कॉलेजों की आनाकानी के बीच कैसे निरीक्षण व संबद्धता फीस जमा करवा पाएगा।

### कोर्ट के आदेश से मिली संबद्धता

विवि ने कोर्ट स्टे के दौरान कोर्ट के आदेश से महज केवल छह कॉलेजों को संबद्धता प्रदान की है तथा दस कॉलेजों का निरीक्षण करवाया है। शेष कॉलेजों का निरीक्षण नहीं हुआ व संबद्धता फीस अभी तक जमा नहीं हुई हैं। इधर विवि में संबद्धता प्रभारी का कहना है कि संबद्धता फीस जमा कराने में ज्यादा समय नहीं लेंगे। परीक्षा के टाइम टेबल को ध्यान में रखते हुए जल्द ही संबद्धता फीस लेकर आवेदन फॉर्म शुरू कर दिए जाएंगे।

## कर्मचारी मांगों को लेकर आचार संहिता लागू होने से पहले तक कर रहे थे प्रदर्शन

# कर्मचारियों की नाराजगी, पड़ न जाए सरकार पर भारी

Education News Group

### कर्मचारियों ने कहा - चुनाव से पहले हर पार्टी करती है बड़े वादे, चुनाव बाद याद तक नहीं करती

### मांगों को पार्टियों के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग

डेली न्यूज

जयपुर > 23 नवंबर

राजस्थान में चुनाव में सरकारी कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है और विधानसभा चुनाव से पहले सरकार से नाराजगी का सत्तारुढ़ पार्टियों को नुकसान उठाना पड़ता है। इस बार भी आचार संहिता लागू होने से पहले तक सरकारी कर्मचारी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। कर्मचारियों ने आरोप भी लगाया कि मांगों को पूरा करना तो छोड़ सरकार ने उनसे वार्ता तक नहीं की। बाद में आचार संहिता लागू होने पर कर्मचारियों को प्रदर्शन बीच में छोड़ वापस कार्यालयों में लौटना पड़ा।

सरकारी कर्मचारियों की सरकार से कई मांगे थी, जो समयाभाव और संवादहीनता के कारण पूरी नहीं की जा सकी। इसे लेकर कर्मचारियों ने लगातार प्रदर्शन किए। कर्मचारियों ने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में विभिन्न सरकारी महकमों में कई साल से ठेके पर कर्मचारी काम कर रहे हैं और उनकी कोई सुध लेना वाला नहीं है। कर्मचारियों ने प्रदर्शन में भाजपा सरकार के खिलाफ आवाज भी उठाई थी।



फाइल फोटो

### सरकार बनने के बाद कर्मचारियों की अनदेखी

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने बताया कि सभी पार्टियां चुनाव से पहले कर्मचारियों को लेकर बड़े-बड़े वादे करती हैं, लेकिन सरकार बनने के बाद उस पर अमल नहीं करती। सरकारी कर्मचारियों की अनदेखी की जाती है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों से यही मांग रहती है कि सरकारी कर्मचारियों के कल्याण और संविदा अथवा ठेके पर लगे कर्मचारियों को पक्का करने के मामले घोषणा पत्रों में प्राथमिकता से शामिल करें तथा सरकार बनाने के बाद उसे ईमानदारी से लागू करें।

### आचार संहिता लागू, नहीं जता सकते नाराजगी

विजेंद्र सिंह ने कहा कि राज्य में आचार संहिता लागू है, इसलिए कर्मचारी किसी भी प्रकार से रोष प्रकट नहीं कर सकता। उन्होंने भाजपा सरकार के प्रति नाराजगी सीधे तौर पर नहीं जताई, लेकिन इतना कहा कि कर्मचारी बहुत सूझबूझ रखते हैं, इसलिए सब कुछ मतदान में पता चलेगा।

### मांगों को लेकर किए थे प्रदर्शन

गौरतलब है कि राजस्थान विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान से पहले ही हड़ताल पर गए सरकारी कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा कर दी थी। इतना ही नहीं उन्होंने अहम एलान करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में वो भाजपा का समर्थन नहीं करेंगे। उनका कहना था कि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, इसलिए कर्मचारी इस चुनाव में फैसला सुनाएंगे। दरअसल हड़ताल पर गए ज्यादातर सरकारी कर्मचारियों की मांग सातवां वेतन आयोग लागू कराने, नई भर्ती, सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले पे-ग्रेड को बढ़ाने समेत कई मांग सरकार के सामने रखी थी। उनका आरोप था कि प्रदेश सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया।

### स्कूल बंद व विलयीकरण से एक लाख पद हुए कम

अखिल राजस्थान स्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आरके अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार की नीतियों को लेकर स्कूली शिक्षकों में जबरदस्त नाराजगी है। उन्होंने कहा कि राज्यभर में करीब 27 हजार सरकारी स्कूलों को बंद अथवा विलयीकरण किया गया, इससे करीब एक लाख पद कम हो गए। सरकार जानबूझकर पदों को कम कर रही है, ताकि नई नौकरियां नहीं दी जा सके।

### शिक्षा संकुल में पहले 127 अब 27 कर्मचारी

आरके अग्रवाल ने कहा कि स्कूलों का समय बढ़ाने से जैसलमेर, बाड़मेर, धौलपुर तथा अन्य इलाकों में न केवल शिक्षकों, बल्कि स्कूली बच्चों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्राथमिक और उच्च शिक्षा के प्रशासनिक कार्यों को एक साथ कर दिया, इससे अधिकारियों के पदों में बढ़ोतरी हो गई, लेकिन कर्मचारियों के पद कम हो गए। शिक्षा संकुल में पहले 127 कर्मचारी थे, जो अब 27 रह गए हैं, यानी एक बाबू के पास 10 काम सौंप दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के खिलाफ शिक्षकों के साथ अन्य कर्मचारियों में रोष है और इसका परिणाम विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगा।

आइपीएस मदन गोपाल मेघवाल का मामला

# टिकट के फेर में आइपीएस ने नौकरी गंवाई फिर मांगी तो विभाग ने लौटाई अर्जी

Education News Group

## दुबारा नौकरी का प्रावधान ही नहीं

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर.** चुनाव लड़ने के चक्कर में वीआरएस लेकर राजनीतिक पार्टी के पास पंहुचने वाले आइपीएस अधिकारी अब कार्मिक विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। वे नौकरी छोड़ कर टिकट लेने पहुंच थे, लेकिन पार्टी की सूची में उनका नाम नहीं आया। अब वे कर्मिक विभाग में अर्जी पेश कर अपनी नौकरी फिर मांग रहे हैं। विभाग के अधिकारियों ने नियम बता दिए, जिसमें दुबारा नौकरी हासिल करने का प्रावधान ही नहीं है। पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित पुलिस अधीक्षक (सीआइडी) मदनगोपाल मेघवाल ने पन्द्रह नवम्बर को वीआरएस की अर्जी पुलिस महानिदेशक को पेश की थी।

### अभी पांच साल बाकी

राजस्थान पुलिस सेवा से पदोन्नत होकर वर्ष 2015 में आइपीएस बने मेघवाल की अभी पांच साल की नौकरी बाकी थी। वे इस दौरान आसानी से उप महानिरीक्षक तक पदोन्नत हो जाते। लम्बी नौकरी बाकी देख मेघवाल फिर कार्मिक विभाग पहुंचे और वीआरएस की रद्द करने की मांग की। सूत्रों के मुताबिक कार्मिक विभाग के अधिकारियों ने नियम बताते हुए उन्हें लौटा दिया।

### दिल्ली से संकेत मिले थे

वे खाजूवाला से कांग्रेस का टिकट लेने का प्रयास कर रहे थे। दिल्ली से ऐसे संकेत मिले कि उन्होंने सोलह नवम्बर को ही वीआरएस की अर्जी को मंजूर करवा ली। उसी रात कांग्रेस की सूची में मदन गोपाल का नाम नहीं था। जहां से उनको टिकट मिलने की उम्मीद थी, वहां किसी और का नाम था।

# एग्जाम गाइड

1. अमरीका के इतिहास में पहली बार व्हाइट हाउस पर किस न्यूज चैनल ने मुकदमा दायर किया है?

(अ) सीएनएन (ब) एबीसी (स) बीबीसी (द) अल जजीरा

2. केंद्रीय मंत्रिमण्डल में हाल ही किसे रसायन व उर्वरक मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है?

(अ) देव प्रताप सिंह (ब) सदानंद गौड़ा
(स) आचार्य तेज प्रताप (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

3. भारत और जापान के बीच हाल ही में किस नाम से आयोजित संयुक्त युद्ध अभ्यास का समापन हुआ है?

(अ) हेट्स ऑफ (ब) सुपर सेवर
(स) धर्म गार्डियन (द) वी एंड ऑल

4. भारत ने किस देश के साथ हाल ही कैंसर पर शोध में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

(अ) इंग्लैंड (ब) ब्राजील (स) ऑस्ट्रेलिया (द) न्यूजीलैंड

5. अशोक लीलैंड के सीईओ का क्या नाम है जिन्होंने हाल ही इस्तीफा दे दिया है?

(अ) रणदीप सिंह (ब) करीम अंसारी
(स) आशीष बाजवा (द) विनोद दसारी

6. राज्य का निम्न में से कौनसा जिला पंजाब का सीमावर्ती जिला है?

(अ) भरतपुर (ब) गंगानगर (स) धौलपुर (द) करौली

7. इतिहास सिद्धांत की प्रमुखतम पाठ्य पुस्तक 'व्हाट इज हिस्ट्री' के लेखक कौन थे?

Education News Group

(अ) ई. एच. कार (ब) लॉर्ड ऐक्टन
(स) कालिंगवुड (द) निभूर

8. संविधान के किस अनुच्छेद में यह वर्णित है कि 'भारत अर्थात इण्डिया राज्यों का एक संघ होगा'?

(अ) अनुच्छेद-3 (ब) अनुच्छेद-2
(स) अनुच्छेद-1 (द) अनुच्छेद-4

9. दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित सबसे बड़ा कोयला क्षेत्र निम्न में से है-

(अ) कांसेप्सियन (ब) न्यू कैसल (स) नटान (द) सांता कैंटेरिना

10. हिन्दुस्तानी संगीत का सर्वाधिक प्राचीन घराना है-

(अ) ग्वालियर घराना (ब) आगरा घराना
(स) लखनऊ घराना (द) जयपुर घराना

**उत्तरमाला** 1.अ 2.ब 3.स 4.अ 5.द 6.ब 7.अ 8.स 9.ब 10.अ

## रेलवे भर्ती परीक्षा का मामला

# परीक्षा करवाने वाली कंपनी का आईटी मैनेजर गिरफ्तार

Education News Group

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा में नकल कराने के मामले में परीक्षा करवाने वाली कंपनी के ही आईटी मैनेजर को एसओजी ने गिरफ्तार किया है। आरोपी गौरव सिंघल जोधपुर में कार्यरत है और कंपनी ने उसे कूकस स्थित आर्य कॉलेज में परीक्षा करवाने के लिए आईटी मैनेजर के पद पर जयपुर भेजा था। आरोपी गौरव पहले गिरफ्तार हो चुके करौली निवासी सतीश शर्मा के रिश्तेदार उमाशंकर शर्मा को नकल करवाने के मामले में मदद कर रहा था। एसओजी को सतीश और आरोपी गौरव के मोबाइल में नकल संबंधित सबूत भी मिले हैं। उधर, एसओजी ने शुक्रवार को गौरव को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

एसओजी सूत्रों ने बताया कि 24 अक्टूबर को कूकस स्थित आर्य इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी में रेलवे भर्ती बोर्ड लेवल प्रथम परीक्षा के दौरान कंपनी के कर्मचारी अमित स्वामी को उत्तर कुंजी के साथ पकड़ा था। पूछताछ में अमित ने बताया कि उत्तर कुंजी करौली निवासी अजय शर्मा ने दी है। बाद में एसओजी ने अजय, उसके भाई सतीश शर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि सतीश ने गौरव सिंघल से कूकस में परीक्षा देने आने वाले रिश्तेदार उमाशंकर शर्मा को नकल करवाने के लिए सांठ-गांठ कर ली थी।

## फैक्ट फाइल

- रेलवे भर्ती बोर्ड की यह परीक्षा 17 सितम्बर 2018 शुरू हुई और 15 दिसम्बर 2018 तक चलेगी।
- देशभर में हो रही परीक्षा में करीब 2 करोड़ अभ्यर्थी बैठ रहे हैं
- राजस्थान में भी कई जिलों में परीक्षा सेंटर है, जयपुर में करीब एक दर्जन परीक्षा सेंटर।

मतदान से दो घंटे पूर्व पहुंचना होगा केन्द्र पर

# रात्रि में महिला मतदान केन्द्रों की कमान पुरुष मतदानकर्मियों को

Education News Group

## महिला बूथ पर रात्रि विश्राम नहीं करेंगी महिला मतदानकर्मी

**अजमेर.** मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए महिला प्रबंधित मतदान केन्द्र (वूमेन मैनेज्ड पोलिंग स्टेशन) की कमान रात्रि में पुरुष मतदानकर्मियों के जिम्मे रहेगी। इन मतदान केन्द्रों पर महिला मतदानकर्मी रात्रि विश्राम नहीं करेंगी। उन्हें मतदान शुरू होने के निर्धारित समय से दो घंटे पूर्व मतदान केन्द्र पर पहुंचना होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आनन्द कुमार ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर्स) को निर्देश जारी कर दिए हैं।

महिला मतदान दल के साथ आरक्षित मतदान दलों में से दो अतिरिक्त पुरुष मतदान कार्मिक जिसमें एक पीठासीन अधिकारी एवं एक प्रथम मतदान अधिकारी स्तर का होगा को नियुक्त किया जाएगा। मतदान दिवस की व्यवस्था करने के बाद पुरुष पीठासीन अधिकारी को ईवीएम एवं वीवीपेट मशीनें तथा अन्य मतदान सामग्री महिला मतदान दल की पीठासीन अधिकारी के द्वारा सुपुर्द कर रसीद लेनी होगी। हस्तांतरित करने बाद देर शाम को सभी महिला कार्मिकों को उनके निवास स्थान पर जाने की अनुमति दी जाएगी और मतदान दिवस को सुबह 6 बजे से पूर्व मतदान केन्द्र पर उपस्थित होने के निर्देश दिए जाएंगे।

तैयार किए गए मतदान बूथ से कोई छेड़छाड़ नहीं हो एवं ईवीएम तथा वीवीपेट मशीन सुरक्षित रहे इसके लिए मतदान केन्द्र पर पुरुष पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी तथा मतदान केन्द्र पर तैनात सुरक्षाकर्मी व्यवस्था संभालेंगे। मतदान दिवस पर महिला मतदान केन्द्र की कमान पूरी तरह से महिला मतदानकर्मियों के हाथ में होगी।

## ड्रेस कोड की बाध्यता नहीं

महिला मतदान केन्द्र पर महिला कार्मिकों की पोशाक का कोई रंग निर्धारित नहीं किया गया है। वे अपनी पसंद के किसी भी रंग की पोशाक पहन सकती हैं।

## अजमेर में 11 महिला मतदान केन्द्र

अजमेर उत्तर व दक्षिण तथा किशनगढ़ में दो-दो बूथों की कमान महिलाओं के हाथ होगी, जबकि ब्यावर, नसीराबाद, मसूदा, पुष्कर व केकड़ी में एक-एक महिला बूथ होंगे।

# अब स्कूली बच्चों के साथ बांट सकेंगे खुशियां

**बच्चों के साथ सामाजिक रूप से लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से मानव संसाधन मंत्रालय ने की पहल, भोजन तिथि योजना में भामाशाहों की रहेगी प्रमुख भूमिका**

पत्रिका

Education News Group

## एक्सक्लूसिव

**नागौर.** अब आप किसी त्योहार, वर्षगांठ अथवा राष्ट्रीय दिवस पर शिक्षण संस्थानों के बच्चों के साथ कार्यक्रम मना सकते हैं। इसके लिए नगदी या चेक देने की जरूरत नहीं है, केवल भोजन तिथि योजना के तहत आप बेहद सरलता से यह काम कर सकते हैं। इसके लिए चेक या नगदी राशि की मांग विद्यालयों की ओर से नहीं की जाएगी। नगदी या चेक की जगह आप भोजन में प्रयुक्त सामग्री जरूर उपलब्ध करा सकते हैं। इस के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने गुजरात की तर्ज पर देश के भी सरकारी विद्यालयों में भोजन तिथि योजना आरम्भ की है। इसके तहत व्यक्ति विशेष अवसर पर अपनी खुशियां स्कूली बच्चों के साथ साझा कर सकेंगा। राजस्थान में भी यह योजना लागू हो चुकी है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूलों में समाज की सहभागिता बढ़ाना है। एमडीएम की ओर से अधिक पोषक तत्वों का समावेश करना, बच्चों में विभिन्न वर्गों तथा धर्मों के लिए समानता का भाव उत्पन्न करना है। योजना के तहत बच्चों को भामाशाह के सहयोग से भोजन उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस योजना में भामाशाह वाटर फिल्टर, वाटर कूलर, पंखे भी दान कर सकते हैं।



## हलका नाश्ता भी करा सकते हैं

भोजन तिथि योजना के तहत कोई भामाशाह स्वैच्छिक रूप से पूर्ण भोजन या अपनी इच्छा अनुसार नमकीन, मिठाई, फल, सूखे मेवे, हलवा, बिस्किट एवं दूध सहित क्षेत्र के बच्चों को उनकी आदतों के अनुसार भोजन करवा सकते हैं।

## मिलेगा आदर्श वातावरण

भोजन तिथि योजना से बच्चों को और बेहतर सुविधा मिल सकेगी। गुणवत्तापूर्ण आहार मिलने से इसमें विविधता होने से उनको आदर्श वातावरण भी मिलेगा।

**रामदेव पूनिया,** एडीपीसी रमसा,नागौर

CMYK

# सातवें वेतनमान से प्रभावित सेवानिवृत्त कार्मिक 26 तक करा सकेंगे पंजीयन

Education News Group

**चित्तौड़गढ़.** राज्य सरकार द्वारा सातवें वेतनमान में 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2016 तक सेवानिवृत्त हुए कर्मियों का सातवां वेतनमान में वेतन स्थिरीकरण अनुमोदित करते हुए पेंशन राशि भी रिवाइज्ड की गई किंतु रिवाइज्ड पेंशन राशि के मुताबिक नियमानुसार ग्रेच्युटी तथा कम्यूटेशन पेंशन रिवाइज्ड नहीं की जाने पर 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2016 तक सेवानिवृत्त कार्मिकों को राज्य सरकार ने लाखों रुपए का नुकसान दिया है।

इस संदर्भ में गत 17 नवंबर को आहूत समीक्षा बैठक में कार्मिकों ने आरएसआर के नियमानुसार समीक्षा करने पर पाया कि राज्य सरकार के अपूर्ण आदेश से सत्र 2016 में सेवानिवृत्त कार्मिकों को निश्चित रूप से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है इसकी भरपाई के लिए कर्मचारियों ने आंदोलन का रुख अपनाया है विगत 1 माह के नोटिस पश्चात राज्य सरकार तथाकथित हमारी मांग व राज्य सरकार की भूल को नहीं सुधारा गया तो उच्च न्यायालय जोधपुर में रिट दायर की जाएगी। साथ ही संघर्ष समिति में 26 नवंबर को नेहरु गार्डन चित्तौड़गढ़ में सुबह 11 बजे आयोजित बैठक में पंजीयन करा सकते है।